


Ludhiana Covid Update
New case - 2
Active case - 21
Home isolation -21

RNI No. PUNBIL/2014/59416

UTURN TIME
# यूटर्न टाईम
UTURNTIME.COM
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA







VOL:01 | ISSUE:102 | WEDNESDAY, DATE: 27-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

# नई मुसीबत: तीखी गर्मी में पावर-कट का तड़का

लुधियाना/यूटर्न/27 अप्रैल। एक तरफ जानलेवा गर्मी से लोग बेहाल हैं, जिसका कहर अभी और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। अप्रैल महीने के अंत में जून वाली गर्मी सबको झुलसा दे रही है। दूसरी तरफ, औद्योगिक नगरी लुधियाना समेत पंजाबभर में पावर-कट बढ़ने से नई मुसीबत पैदा हो गई है। कोयला-संकट के चलते थर्मल प्लांट बंद होने के कारण बिजली उत्पाद में गिरावट से यह समस्या और बढ़ने का खतरा बना है।

## इधर : झुलसा देने वाली गर्मी

लुधियाना/यूटर्न/27 अप्रैल। महानगर समेत पंजाब भर में मौसम का मिजाज तल्ख बना है, एक बार फिर से पारा चढ़ने लगा है। बुधवार को तीखी धूप से लोग पसीने से तरबतर हो रहे हैं। महानगर में तो सुबह ही तापमान 22-23 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। साथ ही एयर क्वालिटी इंडेक्स 177 के स्तर पर था। दोपहर में तापमान 40 डिग्री सेलसियस तक पहुंचने के साथ गर्म हवाएं चलने से खासकर बीमार लोग, बुजुर्ग और स्कूली बच्चे बेहाल नजर आए। लोग नींबू-पानी, गन्ने का रस, लस्सी पीकर भी थोड़ी देर राहत महसूस कर पाए।



● महानगर में जगराओं पुल से पहले श्री दुर्गा माता मंदिर के सामने वाली रोड पर जानलेवा गर्मी में सन्नाटा पसरा नजर आया। -फोटो: विशाल ढल्ल

## उधर : बढ़ने लगे पावरकट

लुधियाना/यूटर्न/27 अप्रैल। जानलेवा गर्मी के बीच इंडस्ट्रियल सिटी में भी बिजली संकट बढ़ने लगा है। इस नई मुसीबत के बढ़ने का खतरा बरकरार है। जिसके चलते भीषण गर्मी में लोग और बेहाल हो जाएंगे। मंगलवार को लुधियाना के कुछ इलाके में तकरीबन दो घंटे के पावर-कट लगे। जानकारी के मुताबिक पंजाब के पब्लिक-प्राइवेट सैक्टर के थर्मल प्लांट्स के 15 में से पांच यूनिटों में मंगलवार को बिजली उत्पादन बंद हो गया। इनमें तीन प्राइवेट व दो पब्लिक सैक्टर से हैं। जिससे राज्य में 2010 मेगावाट बिजली की शॉर्टेज हो गई। जबकि मांग करीब 7457 मेगावाट रिकार्ड की गई। ऐसे में डिमांड व सप्लाई में बड़े फर्क की वजह से पावरकाम ने दो से छह घंटे तक कट लगाए। दूसरी तरफ कोयले का संकट भी थर्मल प्लांट में बढ़ रहा है।



# ताजपुर कूड़ा डंप में लगी आग अभी भी सुलगती देख एनजीटी चेयरमैन ने निगम अफसरों को फटकारा

### जिंदा जले 7 लोगों के मामले की जांच को आई एनजीटी टीम ने माना मामला शक्की

लुधियाना/यूटर्न/27 अप्रैल। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानि एनजीटी की टीम बुधवार को यहां पहुंची। ताजपुर डंप के पास आग में जिंदा जलने से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत के मामले में उसने जांच की। एनजीटी की इस टीम की अगुवाई कर रहे जस्टिस जसवीर सिंह के साथ संत बलवीर सिंह सीचेवाल समेत अन्य सदस्य मौजूद थे। जिन्होंने वहीं पास में दो हफ्ते पहले ताजपुर डंप में लगी आग अब भी सुलगती देख इस मामले में साथ मौजूद नगर निगम के अफसरों को फटकार लगाई। जबकि सात लोगों के जिंदा लगने के मामले का संज्ञान लेते हुए मौके पर मौजूद डिप्टी कमिश्नर सुरभि मलिक से इस मामले की गहनता से जांच कराने की बात भी कही।



● जहां सात लोग जिंदा जले थे, उसका जायजा लेती एनजीटी की टीम।



● दो हफ्ते बाद भी डंप पर लगी आग सुलगती देख निगम अफसरों की खिंचाई करती एनजीटी टीम।

## यह था मामला

▶ इसी 19 अप्रैल की रात करीब तीन बजे डंप के पास झुग्गी में लगी आग में 7 लोग जिंदा जल गए थे। चीख-पुकार सुनकर लोग दौड़े आए, लेकिन परिवार को बचाया नहीं जा सका था। हादसे में परिवार का एक मेंबर राजेश बचा गया था। वहीं, थाना टिब्बा की पुलिस ने जांच के बाद इसे महज हादसा बताया था। अब इकलौते बचे सदस्य राजेश ने एनजीटी टीम को बताया कि वारदात की रात बाइक सवार एक शक्की युवक को लोगों ने पकड़ा था। उसने कहा था कि वह इस बाइक के कागजात लेकर आ रहा है, लेकिन वापस नहीं लौटा था, बाद में हादसा हो गया।

## री-साइकल और एसटीपी प्लांट का भी दौरा करने पहुंची एनजीटी टीम

▶ जब एनजीटी की टीम मौके पर पहुंची तो वहां कूड़े के पहाड़ से बने हुए थे। जिनमें आग सुलग रही थी, जिसे देख एनजीटी टीम दंग रह गई। उन्होंने निगम कमिश्नर प्रदीप सभरवाल की जमकर खिंचाई करते सख्त नाराजगी जताई। इसके बाद निगम की कारगुजारियों से नाखुश एनजीटी टीम ने कूड़ा री-साइकिल प्लांट और एसटीपी प्लांट का भी दौरा किया।

# खास मुलाकात : बोरिस से मिले मुंजाल



लुधियाना / यूटर्न / 27 अप्रैल। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का भारत दौरा उद्योग-जगत के नजरिए से भी महत्वपूर्ण रहा। इस दौरान उनकी मुलाकात देश की प्रमुख हस्तियों से भी हुई। इसी बीच हीरो साइकिल्स लिमिटेड के चेयरमैन पंकज मुंजाल और उनके बीच पूरी गर्मजोशी से मुलाकात को लेकर उद्मियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। हालांकि इस भेंटवार्ता में दोनों के बीच कारोबारी नजरिए से क्या कुछ चर्चा हुई, इसका अधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं हो सका।

# मुख्यमंत्री मान को उड़ाने सहित 21 जगहों पर बम ब्लास्ट की धमकी

सुल्तानपुर लोधी / यूटर्न / 27 अप्रैल। बुधवार को पाकिस्तान पोषित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने पंजाब को दहलाने की धमकी दी है। इस संबंध में सुल्तानपुर लोधी रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर को एक चिट्ठी मिली है। इस चिट्ठी में पंजाब को दहलाने की धमकी गई है। जानकारी के मुताबिक आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के निशाने पर मुख्यमंत्री भगवंत मान, जालंधर स्थित श्री देवी तलाब मंदिर, पटियाला का काल माता मंदिर, फिरोजपुर रेलवे स्टेशन सहित 21 स्थान हैं। इसका खुलासा सुल्तानपुर लोधी रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर को मिले धमकी पत्र से हुआ है। हिंदी में लिखे इस धमकी पत्र को जांच के लिए जम्मू से भेजा गया है। सुल्तानपुर लोधी रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर के मुताबिक आज ही यह चिट्ठी मिली है। इस धमकी के बाद पंजाब में खुफिया विभाग सक्रिय हो गया है।



## ...ये वो 'शहर' तो नहीं

कभी मुल्क का बंटवारा होने पर नामवर शायर फैज अहमद फैज ने अपने इंकलाबी कलाम में आम लोगों का दर्द बयां किया था कि वो इंतिज़ार था जिसका, ये वो 'सहर' तो नहीं...। बंटवारे में बहुत कुछ खोने के बावजूद फिर से पाने की हसरत लिए ही इस महानगर में रहने वाले भी तमाम लोग भी दुनिया से चले गए। कई दशकों से सरकारी ऐलान सुन-सुनकर लोगों के कान पक चुके हैं कि इस महानगर की जल्द ही कायापलट होगी। कुछ सालों से तो लुधियाना को स्मार्ट सिटी बनाने का राग जोरदारी से छेड़ा जा रहा है। वहीं, शायराना अंदाज में ही कहें तो समझ नहीं आता कि इस शहर में हर शख्स परेशां सा क्यूं है? बस इतना ही समझ आता है कि वाकई वो इंतजार था जिसका, ये वो 'शहर' तो नहीं। फिर कैसे इस शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के झूठे सपने दिखाए जा रहे हैं। कभी जिस बुड्ढा दरिया के पानी में तैरती मछलियां साफ नजर आती थीं, उसमें घुले जहर को अरसे बाद खत्म नहीं किया जा सका। फिर भला स्मार्ट सिटी की दौड़ में शामिल इस शहर में सबको पीने का साफ पानी, सीवरेज सिस्टम, दुरुस्त सड़कें तक मुहैया नहीं हैं। जबकि शुरु कर बंद हो चुकी सिटी बस सर्विस, दम तोड़ते सेवा-सुविधा केंद्र, बदहाल सरकारी अस्पातल-स्कूल, सरकारी बस सेवा वगैरह में सुधार की तो क्या उम्मीद रखी जाए।



नदीम अंसारी
एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

# वीरवार से लुधियाना बस स्टैंड से साहनेवाल के बीच फिर से दौड़ने लगेंगी सिटी-बसें

### आटो में डेढ़ गुना किराया देते हैं मुसाफिर हजारों फैक्ट्री वर्करों को भी मिलेगी राहत

लुधियाना/यूटर्न/27 अप्रैल। कल वीरवार 28 अप्रैल से लुधियाना बस स्टैंड से साहनेवाल के बीच काफी समय से बंद पड़ी सिटी बस सर्विस फिर से से शुरू हो जाएगी। इस रूट पर लगभग तीन हजार यात्रियों को सफर करने की सुविधा देने के लिए 12 बसें चलाई जा रही हैं। यह काबिले जिक्र है कि इंडस्ट्रियल एरिया की हद साहनेवाल तक है और बड़ी तादाद में फैक्ट्रियों में काम करने वाले वर्कर भी सिटी बस से सफर करते रहे हैं। इंडस्ट्रियलिस्ट की मांग पर ही इस रूट पर सिटी बस सर्विस शुरू की गई थी, जो काफी समय से बंद पड़ी थी।



दरअसल साहनेवाल की ऑटो रिक्शा यूनियन ने कुछ बसें बिना परमिट इस रुट पर चलाने का विरोध किया था। एक बार तो ऑटो रिक्शा संचालकों और सिटी बस कर्मियों के बीच विवाद बढ़ने पर मामला पुलिस तक भी पहुंच गया था। अब प्रशासन ने समस्या का समाधान करने के मकसद से इस रूट पर ट्रांसपोर्ट विभाग से सिटी बसों के रूट परमिट बनवा दिए हैं। इनके परमिट भी ऑपरेटर को सौंप दिए गए हैं।

## हर पंद्रह मिनट में चलेगी बस

बता दें कि इस रूट के लिए 12 बसें लगाई जा रही हैं। ताकि हर 15 मिनट बाद लोगों को बस मिल सके। यह भी गौरतलब है कि रोडवेज बस स्टैंड से साहनेवाल तक आटो चालक लोगों से 40 रुपये तक किराया वसूल कर रहे हैं। बीते दिनों इस रुट के परमिट जारी करने को लेकर संबंधित अधिकारियों की मीटिंग के बाद आखिरकार यह मसला हल हो गया।

## इस तरह रहेगा किराया

जानकारी के मुताबिक 5 किलोमीटर तक सफर करने वाले यात्रियों को 10 रुपये अदा करने होंगे। इसी तरह 10 किलोमीटर तक के सफर के लिए 15 रुपये और 10 किलोमीटर से ज्यादा सफर करने पर 25 रुपये किराया देना पड़ेगा।

# मालवा सेंट्रल कॉलेज ऑफ एजुकेशन फॉर वूमेन में सेहतमंद-भोजन पर कराया एक्सटेंशन लैक्चर

## पीएयू के पूर्व प्रोफेसर डॉ. शुक्ला ने दिए टिप्स

लुधियाना / यूटर्न / 27 अप्रैल। यहां मालवा सेंट्रल कॉलेज ऑफ एजुकेशन फॉर वूमेन में बुधवार को स्वस्थ भोजन की आदतें विषय पर एक विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी के सेवानिवृत्त प्रोफेसर और खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख डॉ. फकीर चंद शुक्ला का एक्सटेंशन लैक्चर रखा गया।डॉ.नीरोत्तमा शर्मा ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि स्वस्थ भोजन की आदतें स्वस्थ जीवन की ओर ले जाती हैं। डॉ. महुआ खोसला, डॉ. नीरोत्तमा शर्मा



और डॉ.तृप्ता कार्यक्रम के आयोजक रहे। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. शुक्ला ने स्वस्थ जीवन जीने के लिए उचित आहार बनाए रखने की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों को जंक फूड के सेवन से बचने और अपने आहार में फल और हरी सब्जियों को शामिल करने का सुझाव दिया। डॉ.शुक्ला ने विभिन्न पोषक तत्वों के बारे मे भी बताया कि जो हंमे बीमारियों से बचने में मदद कर सकते हैं। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ.नगिंदर कौर ने आयोजन के सफल आयोजन पर आयोजकों को बधाई दी। कॉलेज की एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ.तृप्ता द्वारा औपचारिक धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.सुखदेव सिंह संधू ने डॉ. शुक्ला को पौधे देकर सम्मानित किया।

# बेकसूर को पीटने का आरोप थाने के बाहर लगाया धरना



लुधियाना/यूटर्न/27 अप्रैल। यहां थाना सलेम टाबरी के बाहर मंजीत नगर इलाके के लोगों ने धरना लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि एक युवक को इसी थाने के एक पुलिस अधिकारी ने अवैध तरीके से उठा लिया और जमकर मारा-पीटा। हालांकि उसका कोई कसूर न होने के कारण आरोपी अधिकारी ने बाद में उस रिहा कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हालांकि समाचार लिखे जाने तक संबंधित पुलिस अधिकारी के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकी थी।

# वार्ड 49. के लोगों ने कुलवंत सिद्धू को किया सम्मानित



लुधियाना / यूटर्न / 27 अप्रैल। नगर निगम अंतर्गत वार्ड संख्या 49 के निवासियों ने वार्ड अध्यक्ष जसप्रीत सिंह के नेतृत्व में विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू को गांधी परिवार के आवास पर सम्मानित किया बाद में विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू ने क्षेत्र के निवासियों को आश्वासन दिया कि चुनाव से पहले किए गए वादे उनकी पार्टी और निर्वाचन क्षेत्र के लोगों द्वारा किए गए थे। वह सभी वादों को पूरा करेगा और उसे इन वादों को पूरा करने के लिए सभी संगतों के सहयोग की आवश्यकता है। इस अवसर पर वार्ड अध्यक्ष जसप्रीत सिंह, समस्त गांधी परिवार, आरएस मक्कड़, जगदीश कुमार सहित मोहल्ला के अन्य निवासी उपस्थित थे।

# लोन डिफॉल्टर की इमारत सील



लुधियाना/यूटर्न/27 अप्रैल। महानगर के दुगरी इलाके में सेंट्रल बैंक से कर्ज लेकर अदा नहीं करने वाली एक कारोबारी फर्म की इमारत पर कानूनी-तरीके से कब्जा ले लिया गया। बैंक कर्मियों ने तहसीलदार की मौजूदगी में मैसर्स ओशिएन एसोसिएशन एंफोर्समेंट एजेंसी की इमारत को सील कर दिया। लोन नहीं चुकाने वाली फर्म के मालिक का नाम मंजीत सिंह बताया गया है।

# मोबाइल शोरुम पर ग्राहक ने बदनीयती से शटर किया बंद, लड़की छत से कूदी

लुधियाना/यूटर्न/27 अप्रैल। महानगर के चंडीगढ़ रोड स्थित एक मोबाइल शोरुम में सनसनीखेज हादसा हो गया। यहां काम करने वाली लड़की ने किसी ग्राहक द्वारा बदनीयती से पकड़ने के बाद पहली मंजिल से कूदकर जान बचाई। घायल युवती को अस्पताल में दाखिल कराया गया। हालांकि पुलिस अभी मामले की छानबीन में लगी है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाली जा रही हैं, ताकि आरोपी की शिनाख्त के साथ मामले की सही तफ्तीश हो सके। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज होने की पुष्टि नहीं हो सकी थी। घायल लड़की के बताए मुताबिक आरोपी अपने मोबाइल फोन का नंबर पोर्ट कराने आया था। उसे अकेला



देखकर आरोपी ने शोरुम का शटर बंद कर लिया तो वह जान बचाते हुए पहली मंजिल पर भाग गई और वहां से कूद पड़ी।

# पंजाब के रूपनगर में कांग्रेस वर्कर्स और पुलिस में भिड़ंत

रूपनगर / यूटर्न / 27 अप्रैल। आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर टिप्पणी के मामले में कांग्रेस नेत्री अलका लांबा बुधवार को रुपनगर सदर थाने में एसआईटी के समक्ष प्रस्तुत होंगी। हालांकि सुबह प्रदेश प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के नेतृत्व में कांग्रेस ने इसके विरोध में एसएसपी दफ्तर (सचिवालय) के आगे धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनके साथ अलका लांबा और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा भी हैं। इस दौरान पुलिस और युवा कांग्रेस वर्कर्स का नेतृत्व कर रहे पंजाब यूथ कांग्रेस के प्रधान बरिंदर सिंह ढिल्लों में भिड़ंत हो गई। ढिल्लों थाना सचिवालय के गेट पर चढ़े तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्कामुक्की शुरू हो गई। इस दौरान सचिवालय आफिस के एक गेट के शीशे भी टूट गए। हालांकि बाद में अलका लांबा सहित सभी एसएसपी दफ्तर के अंदर पहुंच गए। फिलहाल, पुलिस प्रदर्शनकारियों को धरना स्थल से उठाने का प्रयास कर रही है। बाद में राजा वड़िंग ने एसएसपी दफ्तर से बाहर आकर प्रदर्शनकारी कांग्रेस वर्करों को बताया कि अभी एसएसपी डा. संदीप गर्ग अपने आफिस में नहीं आए हैं।

# राजिंदरपाल कौर ने फॉर्म भरने संबंधित चल रहे घोटाले का शिकार न होने की चेतावनी दी



लुधियाना / यूटर्न / 27 अप्रैल। लुधियाना में आम आदमी पार्टी की विधायक राजिंदरपाल कौर छीना ने आज लोगों को महिलाओं के लिए 1,000 रुपए प्रति माह पेंशन के लिए फॉर्म भरने संबंधित चल रहे घोटाले का शिकार न होने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि राजिंदरपाल ने कहा कि निजी स्वार्थ वाले कुछ लोग अपनी निजी संपत्तियों में नकली शिविर लगाकर लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ बैंक अधिकारी भी ऐसे शिविरों में भाग लेते हैं, जो पूरी तरह से अवैध हैं। विधायक ने बताया कि उन्हें लुधियाना दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र के मुख्य सतगुरु नगर क्षेत्र के जीतो मार्केट में एक निजी कार्यालय में आयोजित किए जा रहे एक ऐसे शिविर के बारे में पता चला। उन्होंने कहा कि आयोजकों ने यह दावा कर महिलाओं को गुमराह किया है कि जो लोग आज कार्यालय में फॉर्म भरेंगे, वे ही 1,000 रुपए प्रति माह पेंशन के पात्र होंगे। विधायक राजिंदरपाल कौर छीना ने कहा कि यह पूरी तरह से गलत और अवैध कार्य है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुझे पहले भी इस तरह की शिकायतें मिलती रही हैं। आज उनके संज्ञान में यह मामला आया है। इसके बाद वह मौके पर पहुंची और वहां मौजूद लोगों को इस अवैध काम की जानकारी दी। विधायक छीना ने लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा। इस संबंध में आधिकारिक शिविर केवल विधायकों की उपस्थिति में सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे।

# पिस्तौल 'शो' करते स्टेट्स डालने वाले सरकारी कर्मी का वीडियो वायरल

लुधियाना/यूटर्न/27 अप्रैल। महानगर में एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। जिसमें नजर आ



रहा शख्स फायर कर्मी बताया जा रहा है। हालांकि फायर महकमे से उसके नाम-पद की पुष्टि नहीं हो सकी। वह मोबाइल फोन पर बनाए वीडियो-क्लिप में टेबल की दराज में रिवाल्वर से गोलियां निकालते और रिवाल्वर को डब में लगाकर शो करते नजर आता है। उसके चेहरे के हाव-भाव बता रहे हैं कि वीडियो उसकी जानकारी में यानि मर्जी से बना रहा है।

# हम्बल मोशन पिक्चर्स की आने वाली फिल्म 'माँ' 6 मई को होगी रिलीज़





लुधियाना / यूटर्न / 27 अप्रैल। इस मदर्स डे पर अरदास और अरदास करां के निर्माता हम्बल मोशन पिक्चर्ज़ ने ओमजी स्टार स्टुडिओज़ के सहयोग से अपनी आने वाली फिल्म 'माँ' से दिया सभी माताओं को सम्मान। इस फिल्म को रवनीत कौर ग्रेवाल और गिप्पी ग्रेवाल ने किया निर्माण भाना एलए और विनोद असवाल द्वारा सह-निर्मित है। फिल्म को बलजीत सिंह देओ ने खूबसूरती से निर्देशित किया है और राणा रणबीर द्वारा इसकी कहानी लिखी गई है। गिप्पी ग्रेवाल के अलावा, फिल्म में प्रसिद्ध अभिनेत्री दिव्या दत्ता भी मुख्य भूमिका 'माँ' में हैं। प्रभावशाली स्टार कास्ट में राणा रणबीर, गुरप्रीत घुग्गी, बब्बल राय, आरुषि शर्मा, राघवीर बोली, स्मीप सिंह और वड्डा ग्रेवाल शामिल हैं। इसके अलावा, फिल्म हमें महान पंजाबी गायक स्वर्गीय सरदूल सिकंदर और उनकी पत्नी अमर नूरी भी शामिल हैं। फिल्म का संगीत जे के और देसी क्रू ने हैप्पी रायकोटी, रिकी खान और फतेह शेरगिल द्वारा लिखे गीतों को दिया है, जिसमें स्वर्गीय सरदूल सिकंदर, अमर नूरी, हरभजन मान, फिरोज खान, कमल खान, करमजीत अनमोल, और रिकी खान ने आवाज़ दी है।

## जन्मदिन मुबारक



सत्यम



नीलम शर्मा



गौरव खुराना बग्गा



विकास पासी

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
belfrance
bakers & chocolatiers
0161-4612000, 4633305
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार प्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 – 3
M: 98142-95372

### काला धंधा, अंधेरे में खुफिया-तंत्र, तुक्के से कामयाबी

# तेंदुए की खाल समेत काबू तस्कर, जम्मू-कश्मीर से लेकर आता था

### गंभीर मामला, तस्करी करने वाले की भनक नहीं लगी, खुफिया-तंत्र नाकाम

लुधियाना/यूटर्न/27 अप्रैल। यहां एक व्यक्ति जम्मू-कश्मीर के बार्डर एरिया से तेंदुए की खाल लाकर तस्करी कर रहा था, जो अब पुलिस के हत्थे चढ़ गया। यह गंभीर मामला थाना टिब्बा में लगते प्रेम विहार का है। जानकारी के मुताबिक स्थानीय पुलिस ने जंगलात महकमे की टीम के साथ ज्वाइंट ऑपरेशन के तहत आरोपी संजीव कुमार को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से तेंदुए की तीन खाल बरामद की गई हैं।

बताते हैं कि स्थानीय पुलिस को तो इस बारे में जानकारी भी दिल्ली से जंगलात महकमे की तरफ से दी गई। इसके बाद नई दिल्ली से वाइल्ड लाइफ कंट्रोल ब्यूरो की टीम भी महानगर पहुंच गई। बाद में इन टीमों ने आरोपी से पूछताछ की। जबकि आरोपी को बुधवार को अदालत में पेश किया गया।



## कहां गया हाई-अलर्ट

आतंकी गतिविधियों के चलते जम्मू-कश्मीर के बॉर्डर एरिया में तो हमेशा हाई-अलर्ट रहता है। पुलिस की मानें तो आरोपी संजीव कुमार वहीं से तेंदुए की एक नहीं बल्कि तीन खाल लेकर लुधियाना तक आ गया। वैसे तो लुधियाना में भी कई मौकों पर आतंकी-तत्वों के तार जुड़े होने के मामले भी सामने आ चुके हैं। खैर, जब जम्मू-कश्मीर में हाई-अलर्ट और खुफिया तंत्र को भनक नहीं लगी तो पंजाब पुलिस से तो क्या उम्मीद कर सकते हैं। यह भी पता चला कि आरोपी काफी वक्त से इस धंधे में लगा है और बॉर्डर एरिया के किसी बड़े तस्कर से खालें लाकर महंगी कीमत पर यहां बेच देता था।



# उद्यमियों ने वर्ल्ड इंट्लेक्चुअल प्रॉपर्टी डे मनाया

### संस्था का नया लक्ष्य, तैयार होने वाले युवा उद्यमियों को साथ जोड़ेंगे संस्थानों के जरिए

लुधियाना/यूटर्न/27 अप्रैल। महानगर के इंडस्ट्रियल एरिया फोकल प्वाइंट स्थित इंट्लेक्चुअल प्रोपर्टी फेसिएलेशन सेंटर में जागरुकता कार्यक्रम कराया गया। जो कि वर्ल्ड इंट्लेक्चुअल डे को समर्पित रहा। इस समारोह का उद्घाटन एमएसएमई नेशनल बोर्ड के प्रेसिडेंट गुरप्रीत सिंह काहलों द्वारा किया गया। साल 1999 से मनाए जाने वाले बौद्धिक संपदा दिवस का यह 22वां वर्ष है। उन्होंने बताया कि तय थीम के अनुसार आईपीएफसी (एपीएमए) विश्वविद्यालयों, आईटीआई, इंजीनियरिंग कॉलेजों और अन्य संस्थानों को उद्योगों से जोड़ने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। ताकि नए युवा उद्योगों के साथ सहयोग कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि जनवरी और मार्च 2022 के बीच कुल 19796 पेटेंट दायर किए गए थे, जिनमें से 10706 भारतीय फर्मों द्वारा आवेदन किए गए थे। यह पिछले 11 सालों में सबसे





ज्यादा आंकड़ा है, इसलिए ऐसा लग रहा है कि हमारी इंडस्ट्री अब आईपी को लेकर गंभीर हो रही है। इस दौरान फीको के प्रेसिडेंट गुरमीत सिंह कुलार ने कहा कि हमारी संस्था पंजाब में सभी उद्योगों की बेहतरी के लिए आईपीएफसी यानि एपीएमए के साथ मिलकर काम करेगी। जबकि यूसीपीएमए के प्रेसिडेंट डीएस चावला प्रधान ने भी कहा कि उनकी संस्था भी आईपीएफसी यानि एपीएमए की मदद से आईपी उद्योगों के क्षेत्र में काम करने की इच्छुक है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान आईपीएफसी के सदस्य रहे राजन द्वारा किए गए कार्यों का विवरण और आईपी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान राकेश कंसल जीएम, डीआईसी, राजेश सहायक निदेशक एमएसएमई, एपी शर्मा, विनोद थापर, बलजिंदर सिंह तूर, जीएमसीटीआर ने भी समारोह के दौरान विस्तार से बात की। इनके अलावा ओपी कपूर, दलजीत सिंह, चरणजीव सिंह, भोला झा,राजीव और इंजीनियरिंग कॉलेजों और संस्थानों के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।


# रेलवे में काम में लगाए जाएंगे 'अनावश्यक' पदों पर तैनात कर्मचारी

नई दिल्ली / यूटर्न / 27 अप्रैल। रेलवे बोर्ड ने सभी जोन को प्रौद्योगिकी आने से 'अनावश्यक' हुए पदों पर तैनात कर्मचारियों को जरूरत वाले स्थानों पर तैनात करने को कहा है। बोर्ड ने यह भी कहा है कि आज कुल व्यय का 67 प्रतिशत कर्मचारियों पर खर्च हो रहा है जो लंबे समय तक चलने वाला नहीं है। बोर्ड ने कहा कि अनावश्यक पाए जाने वाले पदों पर तैनात कर्मचारियों को ऐसे स्थानों पर तैनात किया जाए जहां लोगों की जरूरत है। जरूरत पड़ने पर कुछ कार्य को 'आउटसोर्स' भी किया जा सकता है। सभी रेलवे जोन के महाप्रबंधकों को लिखे पत्र में रेलवे बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और चेयरमैन वीके त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे पदों की पहचान और संबंधित कर्मचारियों को जरूरत के अनुसार दूसरी जगह तैनाती एक महीने के भीतर की जानी चाहिए। त्रिपाठी ने लिखा है, 'रेलवे के



लिए मानव संसाधन काफी मूल्यवान है। खासकर तब जब 67 प्रतिशत व्यय कर्मचारियों पर होता है। इतना ही नहीं इसमें बढ़ने की भी प्रवृत्ति है। ऐसा लगता है कि दीर्घकाल में संगठन के लिए यह व्यवस्था चलने वाली नहीं है। उन्होंने कहा, 'यह जरूरी है कि कार्यबल का प्रभावी ढंग से और कुशलता से उपयोग हो। जहां कहीं भी आवश्यक हो, वहीं उपयोग किया जाए। वास्तव में संगठन को कुशल और मजबूत बनाने के लिए कार्यबल उपयोग को युक्तिसंगत बनाने की आवश्यकता है।

# साइकिल बिक्री में जबरदस्त गिरावट



नई दिल्ली / यूटर्न / 27 अप्रैल। कोरोना काल में पैदा हुई आर्थिक बदहाली का असर धीरे-धीरे अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में दिखाई पड़ रहा है। वित्त वर्ष 2021-22 में इसके पूर्व वर्ष की तुलना में साइकिलों की बिक्री में लगभग छह फीसदी की कमी आई है। वित्त वर्ष 2020-21 में देश में कुल 1,21,65,800 साइकिलों की बिक्री हुई थी, जबकि बीते वित्त वर्ष में 1,14,37,826 साइकिलों की ही बिक्री हुई। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के मानक के तौर पर देखी जाने वाली रोडस्टर साइकिलों की बिक्री में भी 4.3 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। इसे ग्रामीणों और श्रमिकों की खराब आर्थिक स्थिति का परिणाम बताया जा रहा है। इसी प्रकार फैंसी साइकिलों और बच्चों की साइकिलों की बिक्री में भी कमी आई है। आर्थिक हालात खराब होने का सबसे ज्यादा असर बच्चों की साइकिलों के सेगमेंट पर पड़ा है। खराब आर्थिक हालात में लोगों ने बच्चों के लिए साइकिल खरीदने से दूरी बरती और इस कारण किड्स साइकिल सेगमेंट में 38 फीसदी से ज्यादा की रिकॉर्ड कमी दर्ज की गई।

### क्या कहते हैं आंकड़े?

ऑल इंडिया साइकिल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन से मिली जानकारी के अनुसार वित्त वर्ष 2020-21 में देश में कुल 1,21,65,800 साइकिलों की बिक्री हुई थी। लेकिन बीते वित्त वर्ष में साइकिलों की बिक्री में सात लाख 27 हजार 974 (लगभग 5.93 फीसदी) की कमी दर्ज की गई। संगठन के आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान देश में कुल 1,14,37,826 साइकिलों की बिक्री हुई।

# एयरएशिया इंडिया को खरीद सकता है टाटा

### कंपनी में पहले से ही है 83.67% हिस्सेदारी

बेंगलुरु / यूटर्न / 27 अप्रैल। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने एयरएशिया इंडिया की संपूर्ण इक्विटी शेयर पूंजी खरीदने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, एयरएशिया इंडिया में टाटा की पहले से ही बहुमत में हिस्सेदारी है। अब उसने सिंगल एयरलाइन बनाने के लिए विलय का प्रस्ताव रखा है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग में दाखिल किए गए एक आवेदन से यह जानकारी मिली है। ऑटो से लेकर स्टील तक फैले टाटा समूह ने हाल ही में लगभग 70 सालों के बाद एयर इंडिया के स्वामित्व को फिर से हासिल किया है। उसने सरकार से 2.4 बिलियन डॉलर के इक्विटी-एंड-डेट सौदे में एयर इंडिया को खरीदा है। इसके अलावा, एयरएशिया इंडिया में टाटा संस की 83.67 फीसदी भी हिस्सेदारी है जबकि शेष हिस्सेदारी एयरएशिया इन्वेस्टमेंट लिमिटेड की है। यह मलेशिया के एयरएशिया समूह का हिस्सा है। फिलहाल, दोनों कंपनियां




साथ में इसका ऑपरेशन कर रही हैं। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग में दाखिल किए गए आवेदन के अनुसार, प्रस्तावित संयोजन से प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में कोई बदलाव नहीं होगा या भारत में प्रतिस्पर्धा पर कोई उल्लेखनीय प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। कंपनी का कहना है कि यह कदम टाटा द्वारा अपने एयरलाइन ऑपरेशन को मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा है। सीसीआई एप्लिकेशन, टाटा द्वारा अपने एयरलाइन व्यवसायों को एकीकृत करने के लिए पहला कदम है, जिसमें विस्तारा, सिंगापुर एयरलाइंस के साथ एक संयुक्त उद्यम और एयरएशिया इंडिया भी शामिल है, जिसे वह मलेशिया के एयरएशिया एक्स बीएचडी के साथ संचालित करता है। टाटा समूह की एयर इंडिया द्वारा एयरएशिया इंडिया को खरीदने के प्रस्ताव पर एयरक्राफ्ट लीजिंग और फाइनेंस में विशेषज्ञता वाली लॉ फर्म Sarin&Co के ऑपरेशन्स हेड विनमरा लोंगानी ने कहा, यह अपेक्षित तर्ज पर था, क्योंकि टाटा समूह के लिए अलग एयरलाइनों में हिस्सेदारी रखने का कोई मतलब नहीं है।

# सीआईआई के डेलीगेशन ने हरपाल चीमा से की मुलाकात

### चीमा ने दिलाया इंडस्ट्रियलिस्ट्स को पूरा भरोसा आप सरकार पंजाब में उद्योगों को देगी बढ़ावा

लुधियाना / यूटर्न / 27 अप्रैल। कंफरड्रेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री यानि सीआईआई का एक डेलीगेशन बुधवार को यहां सूबे के नए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा से मिला। इस मौके पर उद्यमियों की अगुवाई सीआईआई के पंजाब चैप्टर के प्रेसिडेंट अमित थापर द्वारा की गई।

सीआईआई डेलीगेशन में शामिल उद्यमियों ने पहले रस्मी-तौर पर वित्त मंत्री का स्वागत किया। फिर अनौपाचिरक बैठक के दौरान उनको महानगर की इंडस्ट्री से जुड़ी प्रमुख



समस्याओं के बारे में अवगत कराया। साथ ही महानगर के अलावा पंजाब भर में उद्योगों की बुनियादी अपेक्षाओं और इसके आगे के रास्ते के बारे में जानकारी दी। विशेष तौर पर उन्होंने पंजाब सरकार को राज्य में उद्योगों की मौजूदा स्थिति, इसके कौशल, रोजगार सृजन के संसाधनों, उनकी चुनौतियों के साथ ही राज्य में पर्यावरण को कायम रखने के विषय पर भी चर्चा की।

इस बैठक में मौजूद नीरज सतीजा ने भी उद्यमियों की समस्याओं के बारे में जानकारी दी। जबकि सीआईआई के लुधियाना जोन के प्रेसिडेंट अश्विन नागपाल ने महानगर की प्रमुख उद्योग संबंधी समस्याएं हल कराने की मांग रखी। वित्त मंत्री चीमा ने दावा किया कि आप सरकार पंजाब में उद्योग-व्यापार की स्थिति सुधारने के लिए कई प्रभावी योजनाओं पर अमल करेगी। साथ ही सीआईआई द्वारा बताई समस्याएं पहल के आधार पर हल कराने के साथ ही संस्था के सुझावों पर भी गंभीरता से अमल किया जाएगा। इस मुलाकात के दौरान हल्का वैस्ट के विधायक गुरप्रीत गोगी की खास मौजूदगी रही।

# हैमटन होम्स के बाद अब अन्य इकाइयां भी इंडस्ट्रियल जमीन पर फ्लैट बनाने की फिराक में

लुधियाना / यूटर्न / 27 अप्रैल। रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर व राज्यसभा एमपी संजीव अरोड़ा उर्फ सनी द्वारा डस्ट्रियल जमीन पर रिहायशी फ्लैट बनाए जाने के मामले में एक और बड़ा खुलासा हुआ है कि अब इसी स्कीम के तहत अलॉट हुए अन्य इंडस्ट्रियल प्लॉट धारकों ने भी अपनी जमीन पर रिहायशी फ्लैट बनाने की योजना को अंजाम देना शुरु कर दिया है। इंडस्ट्री विशेषज्ञों की मानें तो विभिन्न कंपनियों को बेअंत सरकार द्वारा अलॉट किया गया यह जमीनी मामला एक काफी बड़ा स्कैम बनता नजर आ रहा है। क्योंकि इस स्कीम के तहत जिन इंडस्ट्रियल इकाइयों को 20 से लेकर 100 एकड़ तक जमीनें सब्सिडाइज रेटों पर अलॉट की गई थीं उनमें से ज्यादातर इकाइयों की आज भी केवल एक या दो एकड़ में ही फैक्ट्री व इंड्स्ट्रियल गतिविधियां की जा रही हैं

Ritesh Properties & Industries Ltd

जबकि बाकी जमीन आज भी वैसे ही खाली पड़ी है ऐसे में अब हैमटन होम्स के बाद इन सभी इकाइयों का काली पड़ी इंडस्ट्रियल जमीन पर फ्लैट बनाने के लिए आगे आना कोई बड़ी बात नहीं होगी क्योंकि आरपीआएल ने जहां एक नई प्रेक्टिस की शुरुआत की है वहीं सभी को मुनाफा कमाने का नया रास्ता भी दिखा दिया है। जानकारी के अनुसार साथ लगते इंडस्ट्रियल इकाइयों के मालिकों के स्पष्ट नजराना शुरु हो गया है कि किस प्रकार रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्रीज द्वारा इंडस्ट्रियल जमीन पर हैमटन होम्स फ्लैट का निर्माण कर करोड़ों का मुनाफा कमाया है।

जन हितैषी समूह द्वारा इंडस्ट्रियल प्लॉट पर रिहायशी फ्लैट बनाए जाने के मामले को उठाने के बाद भगवंत सरकार ने भी पिछले 15 वर्षों में पंजाब भर में काटी कलोनियों की जांच के आदेश दे दिए हैं। लेकिन फिर भी यह देखना होगा कि लोगों के समक्ष भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने के सपने दिखाने वाली आम आदमी पार्टी की सरकार क्या अपनी ही पार्टी से राज्यसभा एमपी बने संजीव अरोड़ा के इस कार्यशैली को किस तरह से देखते हैं?

## दो साल में रितेश प्रॉपर्टीज व इंडस्ट्रीज के निवेशकों को 40.41 प्रतिशत का मुनाफा

कभी व्यापारिक घाटे के कारण बंदी के कगार पर पहुंच चुकी रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्रीज के शेयर में भी काफी बड़ा बदलाव देखने को मिला है। बात करें तो 27 अप्रैल 2020 से 27 अप्रैल 2022 तक कंपनी में निवेश करने वालों को 4041 प्रतिशत की दर से मुनाफा हुआ। वहीं 27 अप्रैल 2022 को यह शेयर 364 रूपये पर बंद हुआ और इस दिन कुल 709 शेयर ट्रेड हुए। बाजारी विशेषज्ञों की मानें तो संवैधानिक तौर पर इंडस्ट्रियल जमीन पर गलत ढंग से रिहायशी फ्लैट बनाने की आड़ में इस कंपनी द्वारा शेयर बाजार में भी बड़ी चालाकी से हेर-फेर कर आम निवेशकों को गुमराह किये जाने के संकेत मिल रहे हैं। कंपनी के लगभग 80 प्रतिशत शेयर खुद प्रमोटरों के पास ही है। ऐसे में खुदरा निवेशकों को गुराह करने के लिए शेयरों के भाव कैसे बढ़ाए गये यह भी जांच का विषय है। स्टॉक विशेषज्ञों की मानें तो पब्लिक में पड़े 26 प्रतिशत शेयर में भी बड़ा भाग खुद प्रमोटरों के चहेतों का ही होने की आशंका है। शेयर बाजार में हुए इस खेल पर सेबी की चुप्पी व नजरअंदाजी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

| S.No | Year | Price | Share holding |
|---|---|---|---|
| 01 | April 27, 2020 | 7.75 | Promoter -71.74 Public -26.25 FPI -2.01 |
| 02 | April 27, 2021 | 37 | |
| 03 | Dec 31, 2021 | 535 | |
| 04 | April 27, 2022 | 364 | |

# कोमल जैन (ड्यूक) ने वाइस चांसलर राज कुमार से पाठ्यक्रम के नवीनतम मुद्दों के बारे में की चर्चा



लुधियाना / यूटर्न / 27 अप्रैल। श्री आत्म वल्लभ जैन कालेज के मैनेजिंग कमेटी के प्रधान श्री कोमल जैन (ड्यूक), भूषण जैन, किरण जैन एवं कालेज के प्रिंसिपल डॉ संदीप कुमार ने पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के वाइस चांसलर राज कुमार और सीनेटर प्रो. रवि इंदर सिंह, यूबीएस, पीयू चंडीगढ़ से पाठ्यक्रम के नवीनतम मुद्दों एवं विकास के बारे चर्चा की। वाइस चांसलर ने कॉलेज में मौजूदा शैक्षणिक और सह-पाठयक्रम में सुधार के लिए चर्चा की। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा की के लिए पाठ्यचर्या विकास बहुत महत्वपूर्ण हैं। कॉलेज प्रबंधन समिति द्वारा रखी गई विकास परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। कॉलेज के प्रधान ने वाइस चांसलर को आश्वासन दिया कि वे कालेज में कौशल आधारित सीखने का माहौल विकसित करने और आईसीटी आधारित लर्निंग और शिक्षकों और छात्रों के बीच क्वालिटी एशोरेंस पर जोर देंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वे सर्वोत्तम बुनियादी सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से में छात्रों को शिक्षित और प्रशिक्षण देंगे। वाइस चांसलर ने कॉलेज के सुचारू संचालन और प्रबंधन समिति के नए गठित सदस्यों के लिए कॉलेज प्रबंधन समिति को बधाई दी। कॉलेज प्रबंधन समिति एवं प्रिंसिपल डॉ संदीप कुमार ने वाइस चांसलर को अपना समय देने और कालेज को मार्गदर्शन के रूप में आगे बढ़ने के लिए के लिए धन्यवाद किया।

# थाना भगवानपुर पुलिस ने ट्रक सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

लुधियाना / यूटर्न / 27 अप्रैल। लुधियाना लहर (विक्रम सैनी) बुधवार को थाना भगवानपुर पुलिस ने ट्रक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को एसपी देहात परमेंद्र डोबाल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि रविवार रात हरिद्वार बाईपास मार्ग सरस्वती शिशु मंदिर के समीप खड़ा ट्रक चोरी हो गया था। सूचना पर भगवानपुर पुलिस ने चेकिंग अभियान चला ट्रक की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने खानपुर तिराहे के समीप दो युवकों को ट्रक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने ट्रक स्वामी श्रवण कुमार निवासी भगवानपुर की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज करने के साथ ही पकड़े गए दोनों आरोपियों से पूछताछ की। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपने नाम दिनेश कुमार निवासी कृष्णा



नगर फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश और गौरव निवासी सूरज नगर मुरादाबाद उत्तर प्रदेश बताया। एसपी देहात ने बताया कि दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दिया गया है। ट्रक को माल समेत बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रक में 300 बोरे चोकर के भरे हुए थे। जिनकी कीमत करीब 45 लाख रुपये बताई गई है।

# हररपाल सिंह चीमा ने आबकारी नीतियों के संबंध में लाइसेंसधारियों के साथ बैठक की



लुधियाना / यूटर्न / 27 अप्रैल। आबकारी एवं खज़ाना मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आबकारी नीति, 2022-23 के संबंध में लाइसेंसधारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बैठक की सह-अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य सचिव (कर) के.ए.पी. सिन्हा, आईएएस और आबकारी आयुक्त, पंजाब, वरुण रोज़म, आईएएस बैठक में आबकारी आयुक्तालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब सरकार राज्य के लिए एक निष्पक्ष और पारदर्शी उत्पाद नीति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य फोकस सिर्फ राजस्व बढ़ाने पर ही नहीं बल्कि शराब के कारोबार को बढ़ावा देने पर भी रहेगा. मंत्री ने कहा कि राज्य के सुचारू कामकाज के लिए सभी हितधारकों द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार करने के बाद नीति तैयार की जाएगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार और बेईमानी की गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पड़ोसी राज्यों से तस्करी कर लायी जाने वाली शराब से सख्ती से निपटा जाएगा।

# एमबीडी नियोपोलिस मॉल ने मनाई 10 वीं वर्षगाँठ

लुधियाना / यूटर्न / 27 अप्रैल। एमबीडी नियोपोलिस जालंधर मॉल, शहर का पसंदीदा शॉपिंग गंतव्य है जिसने समग्र खरीदारी का अनुभव प्रदान करने और ग्राहक सेवा के अविश्वसनीय मानकों को बरकरार रखने के 10 सफल वर्षों का उत्सव मनाया। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए खुशियों के इस अवसर को मौज़मस्ती के लिए स्टार कास्ट विजिट, केक कटिंग समारोह और 360 डिग्री डिजिटल क्रियाकलाप जैसी कई मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। वर्षगाँठ का समारोह मॉल के प्रांगण में संपन्न हुआ तथा द चॉकलेट बॉक्स और लाउंज के द्वारा विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया केक, 10 वीं वर्षगाँठ को दर्शाता हुआ खुदरा विक्रेताओं , मॉल के कर्मचारियों और दुकानदारों की मौजूदगी में काटा गया। एमबीडी नियोपोलिस मॉल जालंधर के शीर्ष शॉपिंग मॉलों में से एक है और इसमें कई अंतरराष्ट्रीय और उच्च गुणवत्ता



वाले परिधानों के स्टोर, शानदार फूड कोर्ट और रेस्तरां शामिल हैं। पिछले दस वर्षों में, एमबीडी नियोपोलिस 360-डिग्री मनोरंजन के अनुभव और खुदरा खरीददारी के अनुभव प्राप्त करने के लिए उत्कृष्ट गंतव्य बन गया है और सर्वश्रेष्ठ वैभवशाली और बड़े दर्जे के खुदरा ब्रांडों की मेजबानी कर रहा है। यह मॉल जालंधर में अपनी तरह का पहला मॉल है जो मिश्रित ब्रांड के मामले में ही विशेष नहीं है बल्कि अपनी प्रतिष्ठित लोकेशन के कारण विशेष है। इस अवसर पर एमबीडी ग्रुप की संयुक्त प्रबंध निदेशिका सुश्री सोनिका मल्होत्रा कंधारी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में एमबीडी नियोपोलिस मॉल खरीदारों के लिए जन्नत रहा है और नवीनतम फैशन और वैभवशाली चलन के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। यह जालंधर में अपनी तरह का पहला मॉल है, यह न केवल मिश्रित ब्रांड के मामले में बल्कि अपनी प्रतिष्ठित लोकेशन के कारण विशेष है। एमबीडी नियोपोलिस की सफलता अपने संरक्षकों द्वारा की गई समग्र खरीदारी के अनुभव को ताजा करने और उनके अनुभव में वृद्धि करने के लिए समूह की आम धारणा के माध्यम से परिलक्षित होती है।

# डीएमसीएच कॉलेज में विश्व टीकाकरण दिवस मनाया गया



लुधियाना / यूटर्न / 27 अप्रैल। डीएमसीएच कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मलकपुर में बाल स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग ने वीरवार को 'सभी के लिए लंबा जीवन' विषय के तहत विश्व टीकाकरण दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत बीएससी के स्वागत भाषण से हुई। नर्सिंग तृतीय वर्ष के छात्र। डीएमसीएच कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य डॉ. ट्रिजा जीवन ने टीकाकरण के महत्व पर जोर दिया। अपने संबोधन में डॉ त्रिजा जीवन ने कहा कि, इस दिन का उद्देश्य लोगों को जीवन रक्षक टीकों की आवश्यकता के बारे में जागरूक करना है जो उन्हें जीवन भर कई बीमारियों से बचा सकते हैं। डीएमसीएच प्रबंध समिति के सचिव प्रेम कुमार गुप्ता ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए बाल स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग को बधाई दी। विषय का अनावरण सुमीत जस्सल, सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने सभी आयु समूहों के लिए टीकाकरण से संबंधित प्रमुख बिंदुओं को साझा किया। बीएससी के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विभिन्न जीवन रक्षक टीकों और टीकाकरण के बारे में मूल्य बनाने के लिए छात्रों द्वारा तीसरे वर्ष की नर्सिंग और टीकाकरण पर एक भूमिका भी प्रस्तुत की गई।

# लिव इन रिलेशन में जिसके साथ रह रही थी महिला, पति ने उस पर किया हमला

## युवक गंभीर जख्मी होने पर महिला का पति और बाकी हमलावर फरार

लुधियाना/यूटर्न/27 अप्रैल। शहर के ग्यासपुरा इलाके में कुछ हथियारबंद लोगों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। युवक गंभीर घायल होने पर हमलावर भाग निकले। बाद में पता चला कि पति से विवाद के चलते एक महिला इसी इलाके में घायल युवक के साथ लिव इन रिलेशन में रहने लगी थी। उस युवक के साथ आते देख महिला के पति ने



हथियारबंद दोस्तों की मदद से उस पर जानलेवा हमला कर डाला। थाना डाबा की पुलिस ने इस मामले में पर्चा दर्ज कर लिया। जख्मी युवक 27 साल का जसप्रीत सिंह है, जो मोगा का मूल निवासी है। वह लुधियाना में डिलिवरी बॉय के तौर पर नौकरी करने लगा तो एक महिला से उसकी जान-पहचान हो गई। फिर वह उसके ही साथ रहने लगा था। उसके जीजा जसबीर सिंह ने हमले के बाद गंभीर घायल जसप्रीत को अस्पताल में दाखिल कराया।

# लक्ष्मी लेडीज क्लब में मल्लिका ए रसोई कंपीटिशन का आयोजन



लुधियाना / यूटर्न / 27 अप्रैल। लुधियाना के लक्ष्मी लेडीज क्लब में शेफ नीलू कौड़ा की अगवाई में मल्लिका ए रसोई कंपीटिशन का आयोजन किया गया। यह तीसरा सीजन है जहां 30 शॉर्टलिस्ट किए गए प्रतिभागियों ने पहले से पकाए गए व्यंजन प्रस्तुत किए गए। इस इवेंट की मुख्य अतिथि पदम श्री रजनी बेक्टर रही और जजमेंट पैनल में शेफ संजीव वर्मा, शेफ संजय शर्मा, शेफ नीलू कौड़ा, शेफ विकास चावला और शेफ विश्वदीप बाली रहे। इस इवेंट की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन समारोह से हुई। दो कैटेगरी थीं, होम शेफ और स्टूडेंट्स। इससे पहले हुई प्रतियोगिता में हर कैटेगरी से 3 विजेताओं को शॉर्टलिस्ट किया गया था और उनमें से टॉप 2 होम शेफ कैटेगरी से 1 और स्टूडेंट कैटेगरी से 1 स्टेट लेवल कंपीटिशन में जीतने के बाद पैन इंडिया लेवल पर कंपीटिशन करेंगे। फिनाले दिसंबर में दिल्ली में होगा। स्टूडेंट कैटेगरी में फर्स्ट मेहक वत्ता, सेकंड हितेश सचदेवा,तीसरा मंथन छाबड़ा विजेता रहे। इसी तरह होम शेफ में फर्स्ट शिखा गुप्ता,सेकंड सुधा जैन और तीसरा प्रीति गोयल रही। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट, गिफ्ट्स और मेडल दिए गए।

-फोटो: विशाल ढल्ल

# कैप्टन को दरकिनार पंजाब में भाजपा अकेले लड़ेगी नगर निगम चुनाव

चंडीगढ़ / यूटर्न / 27 अप्रैल। पंजाब में भाजपा के नेताओं ने आज एक अहम बैठक की है। बैठक में फैसला हुआ है कि पंजाब में भाजपा अब आगे कैप्टन अमरिंदर सिंह के साथ मिलकर चुनाव नहीं लड़ेगी। संगरूर लोकसभा सीट पर उप चुनाव और 4 निगमों के चुनाव भाजपा अकेले दम पर लड़ेगी। भाजपा के नेताओं ने बुधवार को चंडीगढ़ कार्यालय में आगामी चुनावों को लेकर मंथन किया। पंजाब भाजपा प्रभारी



दुष्यंत गौतम ने इस दौरान कहा कि वह अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। बाकी केंद्रीय लीडरशिप जो फैसला करेगी, वह मंजूर होगा। मीटिंग में भाजपा के प्रदेश प्रधान अश्वनी शर्मा, सहप्रभारी नरिंदर रैना भी उपस्थित रहे। पंजाब के सीएम भगवंत मान संगरूर लोकसभा सीट से लगातार दूसरी बार सांसद बने थे। इस बार उन्होंने धूरी सीट से चुनाव लड़ा और विधायक बन गए। उन्होंने सीएम पद की शपथ लेने से पहले लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद इस सीट पर जल्द उपचुनाव होंगे। पंजाब में जालंधर, अमृतसर, लुधियाना और पटियाला नगर निगम के चुनाव इसी साल होने हैं।

# पुलिस पर फायरिंग कर आरोपी फरार

लुधियाना / यूटर्न / 27 अप्रैल। पंजाब के लुधियाना में धांदरा रोड पर बुधवार देर शाम एक फॉर्च्यूनर सवार युवक ने पुलिस की गाड़ी पर गोलियां चला दी और मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि एसटीएफ को इस आरोपी की तलाश थी और गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ ने नाकाबंदी की हुई थी। मामला थाना सदर के अधीन इलाका बसंत एवेन्यू का है। बुधवार देर शाम जैसे ही आरोपी बसंत एवेन्यू के नजदीक पहुंचा तो पुलिस की नाकाबंदी देख गाड़ी तेज



भगाने लगा। पुलिस को आरोपी पर संदेह हो गया और कुछ कर्मचारी आरोपी को दबोचने के लिए आगे भी गए। बताया जा रहा है इतने में आरोपी ने पुलिस की गाड़ी में अपनी फॉर्च्यूनर गाड़ी दे मारी और दो तीन गोलियां चलाता हुआ फरार हो गया। जिससे पूरे इलाके में दहशत मच गई। वारदात के बाद पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया। एसटीएफ के अधिकारियों ने आरोपी के बारे पूरे जिले में जानकारी दे दी। वहीं पूरे शहर में नाकाबंदियां करवा दी गई है।

# गैंगस्टर जयपाल भुल्लर के दो साथी गिरफ्तार

## 12 बोर पंप एक्शन गन और गोला बारूद बरामद

नवीन गोगना

चंडीगढ़ / यूटर्न / 27 अप्रैल। फरार गैंगस्टरों के विरुद्ध जारी अभियान के दौरान पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (ए.जी.टी.एफ.) द्वारा मारे गए गैंगस्टर से नशा-तस्कर बने जयपाल सिंह भुल्लर और जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सी के दो साथियों को तरन तारन से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान तरन तारन के गाँव खक्ख के अमृतपाल और तरन तारन के गाँव सरली खुर्द के तजिन्दर



सिंह के तौर पर हुई है। दोषी अमृतपाल सिंह पर पहले भी हत्या के प्रयास का मुकदमा चल रहा है। पुलिस ने उनसे एक .12 बोर की पंप एक्शन गन, पाँच जिंदा कारतूस और एक हुंडई एक्सेंट कार जिसका रजिस्ट्रेशन नं. सीएच 03 वी4397 है, बरामद की है। गौरतलब है कि पंजाब सरकार ने हाल ही में गैंगस्टरों के विरुद्ध कार्रवाई को तेज़ करने के लिए डीजीपी पंजाब वी.के. भावरा की निगरानी अधीन एडीजीपी प्रमोद बान के नेतृत्व में ए.जी.टी.एफ. का गठन किया है।

# फिको ने एमएसएमई मंत्री से की कच्चे माल की कीमतों में राहत की मांग

लुधियाना / यूटर्न / 27 अप्रैल। गुरमीत सिंह कुलार प्रधान फिको के नेतृत्व में फिको (फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन) के एक प्रतिनिधिमंडल ने नारायण तातु राणे केंद्रीय एमएसएमई मंत्री और भानु प्रताप सिंह वर्मा राज्य एमएसएमई मंत्री से विज्ञान भवन, नई दिल्ली में मुलाकात की और उद्योगपतियों के सामने आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और निम्न मांगों को उठाया।



## कच्चे माल की कीमतों में गैर-तर्कसंगत वृद्धि

स्टील और अन्य कच्चे माल की कीमतों में असामान्य वृद्धि ने निर्माताओं विशेष रूप से एमएसएमई क्षेत्र को बंद होने के कगार पर ला दिया है। एमएसएमई उद्योग स्टील की कीमतों में वृद्धि को अवशोषित करने में असमर्थ है क्योंकि खरीदार विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में इसी तरह की वृद्धि प्रदान करने को तैयार नहीं हैं।

## सिंगल यूज प्लास्टिक

सिंगल यूज प्लास्टिक (टंबलर, बाउल, प्लेट) का बाजार भारत में रु. 2,25,000 करोड़ का है, पूरे देश में हजारों निर्माताओं और लाखों थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं के साथ, उनमें से अधिकांश एमएसएमई क्षेत्र की इकाइयाँ हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाना और लोगों को व्यवसाय से बाहर करना समाधान नहीं है। प्रतिबंध लगाने से पहले हमें उसी के विकल्प पर काम करना चाहिए।

## स्टील की कीमतें साइकिल उद्योग को मार रही हैं

स्टील की कीमतों में हाल ही में 20 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक की बढ़ोतरी की गई है, जो उद्योग और उपभोक्ताओं के लिए पूरी तरह से अस्वीकार्य है, लगातार बढ़ोतरी उद्योग के लिए बहुत घातक है क्योंकि इसने भारतीय स्वदेशी निर्माताओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अक्षम कर दिया है। एक साइकिल गरीब आदमी की सवारी है, जो आम तौर पर मजदूरों द्वारा अपने कार्यस्थलों पर आने के लिए, दूध देने के लिए और अपने उत्पादों को बेचने के लिए कई अन्य स्व-नियोजित स्ट्रीट फेरीवालों द्वारा उपयोग किया जाता है।

## मशीनरी पर आयात शुल्क

यह माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप है, हम, सभी एमएसएमई निर्माताओं की ओर से, हम आपसे अनुरोध करना चाहते हैं कि सरकार भारत में निर्मित नहीं होने वाली मशीनरी से आयात शुल्क को हटा दे।

खबर जरा हटके


## 6-12 साल के बच्चों के लिए कोरोना वैक्सीन की मंजूरी

कोरोना के मामले एक बार फिर बढ़ रहे हैं। संक्रमण बच्चों में भी देखा जा रहा है। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद के कई स्कूलों को बंद कर दिया गया है। इस बीच भारत के औषधि महानियंत्रक, यानी डीसीजीआई ने बच्चों के लिए वैक्सीन को मंजूरी दे दी है। 6 से 12 साल तक के बच्चों के लिए Covaxin को इमरजेंसी यूज की मंजूरी दे दी है। इसके अलावा 12 साल से अधिक की उम्र के बच्चों के लिए Zycov-D वैक्सीन को भी इमरजेंसी यूज की मंजूरी दी गई है। अब तक जितनी भी कोरोना की वैक्सीन (बड़ों से लेकर बच्चों तक) आई हैं और जो लग रही हैं उन सबके इमरजेंसी इस्तेमाल को ही मंजूरी दी गई है। महामारी के दौरान ऐसी किसी भी वैक्सीन को फुल ऑथराइजेशन नहीं मिलती। चूंकि, ये सारी वैक्सीन एक्सीलेरेट प्रोसेस से बनी हैं, इसलिए इमरजेंसी यूज टर्म का इस्तेमाल किया जाता है। 6 से 12 साल तक के बच्चों की वैक्सीन को लेकर भी यह समझने की जरूरत है कि अभी वैक्सीन को सिर्फ मंजूरी दी गई है। जब तक सरकार अनुमति नहीं देती, तब तक बच्चों को वैक्सीन नहीं लगाई जाएंगी। अनुमति देते वक्त सरकार ही यह फैसला करेगी कि सारे बच्चों को वैक्सीन लगेगी या सिर्फ उन बच्चों को जो गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं।

बच्चों को वैक्सीन कब और कहां लगाई जाएगी?

6 से 12 साल तक के बच्चों को कब और कहां वैक्सीन लगाई जाएगी इस बात की अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल 12-14 साल के बच्चों को Corbevax वैक्सीन दी जा रही है। 15-17 साल के बच्चों को Covaxin का डोज दिया जा रहा है। इस उम्र के बच्चों को स्लॉट बुकिंग के हिसाब से नजदीक के सेंटर्स पर वैक्सीन लगाई जा सकती है।

आज का विचार




कार्टून-कोना, राज-नीति







# क्या प्रशांत किशोर कांग्रेस के डूबते जहाज को बचा पाएंगे?

वर्तमान में कांग्रेस अपनी डूबती नाव को किनारे पर लाने का गंभीरता से प्रयास करती हुई दिखाई देने लगी है। ऐसा लगने लगा है कि अब कांग्रेस के नेताओं को यह भली भांति आभास होने लगा है कि केवल सरकार की नीतियों का विरोध मात्र करने से ही उसको राजनीतिक सफलता नहीं मिलेगी, इसके लिए कुछ और भी प्रयास करने होंगे। कांग्रेस की वर्तमान स्थिति के बारे में अध्ययन किया जाए तो यही परिलक्षित होता दिखाई देता है कि पार्टी में कोई चमत्कारिक नेता नहीं बचा है। जिस गांधी परिवार से चमत्कार की आशा की जा रही थी, वह प्रयोग भी अब अपने आप पर असफलता के टैग को स्थापित कर चुका है। इसलिए कांग्रेस नए प्रकार से सोचने के लिए विवश है। कांग्रेस की डूबती नाव को सहारा देने के लिए चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर पर विश्वास करने के अलावा कांग्रेस के पास कोई विकल्प नहीं है। अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशांत किशोर कांग्रेस के डूबते जहाज को बचा पाएंगे। क्योंकि प्रशांत किशोर केवल पैसे के लिए ही काम करते हैं, उन्हें किसी के नीति और सिद्धांत से कोई सरोकार नहीं है। ऐसा इसलिए भी कहा जा सकता है कि प्रशांत किशोर ने अब कई ऐसे राजनीतिक दलों के साथ कार्य किया है, जो विचारधारा से एकदम विपरीत हैं। इतना ही नहीं कांग्रेस को उबारना प्रशांत किशोर के लिए इसलिए भी टेढ़ी खीर है, क्योंकि जब कांग्रेस नेतृत्व ही अपने नेताओं के निशाने पर है, तब प्रशांत किशोर किस आशा के साथ कांग्रेस को उबारने का संकल्प लेने के लिए उतावले हैं।


पिछले दो दशकों से यह परिभाषा बदलती हुई दिखाई दी। लेकिन लोकसभा की सीटों के हिसाब से यह परिभाषा आज भी सटीक बैठती है। यानी कांग्रेस को अपनी हालत सुधारनी है तो उसे उत्तर प्रदेश पर ध्यान केन्द्रित करना होगा। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में पूर्व में भी कई प्रयोग किए। लेकिन वे सभी प्रयोग फेल होते दिखाई दिए। विरासती पृष्ठभूमि को आधार बनाकर एक चमत्कारिक नेता के रूप में प्रियंका गांधी को उत्तर प्रदेश के राजनीतिक मैदान में उतारा, लेकिन वे भी लौट के बुद्धू घर को आए वाली कहावत को चरितार्थ करती हुई दिखाई दीं।

कांग्रेस को अधोगति से बचाने के लिए प्रशांत किशोर कितना कुछ कर पाएंगे, यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है, क्योंकि कांग्रेस के नेता प्रशांत किशोर की सुनेंगे या फिर सोनिया गांधी, राहुल गांधी या फिर प्रियंका वाड्रा की मानेंगे। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि यह परिवार कांग्रेस को अपनी बपौती मानकर व्यवहार करता रहा है। और कांग्रेस के कई नेता इन्हीं को अपना सब कुछ मानते हैं। हालांकि जो नेता कांग्रेस नेतृत्व पर सवाल उठा रहे हैं, उनको मिशन 2024 के लिए कांग्रेस को अपने ही वरिष्ठ नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का एक समूह अपने नेतृत्व के विरोध में खुले मैदान में आ चुका है। भले ही इन नेताओं के साथ प्रशांत किशोर पटरी बैठाने का प्रयास करने की कवायद कर रहे हैं, लेकिन यह प्रशांत किशोर को अपना नेता मानेंगे, इस बात की गुंजाइश कम ही है। आज कांग्रेस की बड़ी समस्या यह है कि उसके बड़े-बड़े राजनीतिक सूरमा कांग्रेस से किनारा कर चुके हैं और कुछ किनारा करने की सोच रहे हैं। जो कांग्रेसी दूसरे दलों की विचारधारा को आत्मसात कर चुके हैं, वे निश्चित ही कांग्रेस की कमजोरी का कारण ही बनेंगे। पंजाब विधानसभा के चुनावों में कांग्रेस की अप्रत्याशित विजय के कारण उसका राज्य नेतृत्व ही रहा। सरकार और संगठन के मुखिया एक दूसरे के खिलाफ ही अपनी ताकत आजमाते रहे। इसी प्रकार की स्थिति राजस्थान में भी कई बार बनी है और आगे भी बनी रह सकती है। अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई अब किसी से छिपी नहीं है। अभी हाल ही में जिस प्रकार से सचिन पायलट की सोनिया गांधी से मुलाकात हुई है, उसे अशोक गहलोत पचा नहीं पा रहे। अशोक गहलोत ने अप्रत्यक्ष रूप से त्याग पत्र देने की धमकी दे दी। इसलिए यही कहा जा सकता है कि कांग्रेस के अंदर जो लावा सुलग रहा है, वह कभी भी फूट सकता है। इसी प्रकार के हालात गुजरात में भी बनते दिखाई देने लगे हैं।

इसी प्रकार उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति पूरी तरह से भंवर में समा गई है। कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। हालांकि पिछले दो दशकों से यह परिभाषा बदलती हुई दिखाई दी। लेकिन लोकसभा की सीटों के हिसाब से यह परिभाषा आज भी सटीक बैठती है। यानी कांग्रेस को अपनी हालत सुधारनी है तो उसे उत्तर प्रदेश पर ध्यान केन्द्रित करना होगा। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में पूर्व में भी कई प्रयोग किए। लेकिन वे सभी प्रयोग फेल होते दिखाई दिए। विरासती पृष्ठभूमि को आधार बनाकर एक चमत्कारिक नेता के रूप में प्रियंका गांधी को उत्तर प्रदेश के राजनीतिक मैदान में उतारा, लेकिन वे भी लौट के बुद्धू घर को आए वाली कहावत को चरितार्थ करती हुई दिखाई दीं। आज कांग्रेस की हालत यह है कि उसे कोई भी दो कौड़ी के भाव नहीं पूछ रहा। अभी हाल ही में राहुल गांधी ने मायावती से गठबंधन के बारे में वार्ता का जिक्र किया, जिसे मायावती ने सिरे से खारिज कर दिया। जिसके बाद कहा जा रहा है कि राहुल गांधी ने इस मामले पर भी झूठ ही बोला। ऐसी ही राजनीति के कारण कांग्रेस पार्टी अविश्वसनीय होती जा रही है। इसलिए अब इस वैतरणी को पार करने के लिए चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर का सहारा लिया जा रहा है। वैसे तो पीके के नाम से मशहूर प्रशांत किशोर पेड सलाहकार माने जाते हैं, लेकिन कांग्रेस उन्हें अपना राष्ट्रीय महासचिव बनाकर सिर आंखों पर बैठाने को आतुर दिखाई दे रही है। अब प्रशांत किशोर कांग्रेस में शामिल होंगे या नहीं, इस पर संशय बरकरार है।

कांग्रेस आज इतनी कमजोर हो चुकी कि राज्यों में वैशाखियों पर टिकी दिखती है या क्षेत्रीय क्षत्रपों के कंधे के भरोसे जीत हासिल कर रही है। कुछ राज्यों में पार्टी अंतर्कलह से जूझ रही है। संकट के इस भीषण दौर में कांग्रेस को सत्ता की ललक है जो उससे कोसों दूर है। कांग्रेस के बारे में यही कहा जा रहा है कि वह सत्ता पाने के लिए तड़प रही है, क्योंकि लम्बे समय से कांग्रेस ने जिस प्रकार से सत्ता का सुख भोगा है, वह उससे बाहर नहीं आ पा रही है। कांग्रेस जानती है कि आगे की राह आसान नहीं है, उसे भाजपा के रूप में बहुत बड़ी चुनौती मिल रही है।


# अगले महीने इन 3 राशि वालों की बदलने वाली है किस्मत, धन-दौलत के लग जाएंगे अंबार

**ज्योतिषीय दृष्टिकोण से मई 2022 का महीना बेहद अहम माना जा रहा है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, 29 अप्रैल 2022 को शनि का राशि परिवर्तन हो रहा है। वहीं 30 अप्रैल को साल का पहला सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है। ऐसे में ग्रहों की बदलती चाल से सभी राशियों पर प्रभाव पड़ेगा हालांकि, कुछ भाग्यशाली राशियों पर इसका शुभ प्रभाव देखने को मिलेगा। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि मई का महीना किन राशियों के लिए अच्छा साबित होगा-**

ज्योतिषशास्त्र के अनुसार मई का महीना वृषभ राशि के जातकों के लिए शुभ परिणाम लेकर आएगा। इस महीने आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और धन लाभ के योग बनेंगे। आपको अपने परिश्रम का फल मिलेगा। जो लोग नौकरी की तलाश में हैं उन्हें अच्छी नौकरी मिल सकती है। व्यापारी जातकों को भी इस महीने कारोबार में मुनाफा होगा। शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्त होगी।

### तुला राशि

तुला राशि वालों के लिए मई माह बेहद शुभ साबित होगा। इस दौरान आपको हर क्षेत्र में सफलता हासिल होगी। आपको कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। इस दौरान आपको नौकरी में प्रमोशन



मिल सकता है। व्यापारी जातकों को भी कारोबार में सफलता मिलेगी। इस दौरान आपकी कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है जिससे आपको जबरदस्त मुनाफा होगा। विद्यार्थियों के लिए भी यह महीना अनुकूल रहेगा।

### धनु राशि

धनु राशि के जातकों को मई के महीने में मनचाहे परिणाम हासिल होंगे। इस दौरान आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। यदि किसी को चाहते हैं तो उन्हें शादी के लिए प्रपोज कर सकते हैं। इस दौरान आपका पारिवारिक जीवन भी सुखमय बीतेगा। परिवार के सदस्यों के बीच प्रेम बढ़ेगा। निवेश के लिए समय अनुकूल है। हालाँकि, आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है अन्यथा दुष्परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

# स्मृति शेष: इंद्राणी रहमान, 1952 में मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पहली मिस इंडिया

## साल 1999 में सुंदर-दुनिया को कहा था अलविदा

लुधियाना/यूटर्न/27 अप्रैल। खास दिन था 19 सितंबर, 1930, जब इंद्राणी रहमान का जन्म मद्रास में हुआ था, जिसे अब चेन्नई कहा जाता है। जन्म के समय उनका नाम इंद्राणी बाजपाई रखा गया था। उनकी शादी एक प्रसिद्ध आर्किटेक्ट हबीब रहमान से हुई और उनके एक बेटा और एक बेटी थी। उनके पिता रामलाल बलराम बाजपाई प्रथम भारतीय स्वतंत्रता युद्ध के बाद पैदा हुए, 84 वर्ष तक जीवित रहे। वह कुछ समय के लिए इंडो-अमेरिकन लीग के अध्यक्ष रहे। यह उनकी पत्नी रागिनी देवी की वजह से था, जिन्हें एस्थर लुएला शेरमैन के नाम से भी जाना जाता था। रामलाल बाजपाई वंश से उत्तर भारतीय थे। वह शिक्षा से रसायनशास्त्री थे। वह उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका गए, जहां उन्होंने एस्थर लुएला शेरमैन से मुलाकात की। वह जन्म से एक अमेरिकी थीं और 1893 में अमेरिकी राज्य मिशिगन के पेटोसकी






में पैदा हुई थी। बाजपाई ने एस्थर से शादी की और शादी के बाद उन्होंने हिंदू धर्म को अपनाया और अपना नाम बदलकर रागिनी देवी रख लिया। 90 साल जीने के बाद 1982 में उनकी मृत्यु हो गई। उसके माता-पिता 1920 के दशक में किसी समय भारत आए थे। रामलाल मशहूर पत्रिका यंग इंडिया के सहायक संपादक बने। इस पत्रिका की स्थापना प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, लाला लाजपत राय ने की थी। जब भारत ने स्वतंत्रता प्राप्त की, रामलाल संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए भारत के कौंसुल जनरल बने और वह न्यूयॉर्क में तैनात थे। वे इंडो-अमेरिकन लीग के अध्यक्ष भी बने। भारत में रहते हुए रागिनी देवी ने भारतीय शास्त्रीय नृत्यों में उत्सुक रूचि विकसित की थी। वास्तव में, वह इतनी भावुक हो गई थी कि उसने अपना शेष जीवन पूरी दुनिया में भारतीय शास्त्रीय नृत्यों को पुनर्जीवित, पोषण और प्रसारित करने में समर्पित कर दिया।

साल 1952 से शुरू हुआ मिस यूनिवर्स पेजेंट, उसी साल इंद्राणी को 'मिस इंडिया' का ताज पहनाया गया। उस समय भारत में बहुत कम प्रतिभागी इस तरह के सौंदर्य आयोजनों में हिस्सा ले रहे थे। यह 28 जून, 1952 को लांग बीच, कैलिफोर्निया में आयोजित किया गया था। वह भाग लेने वाली पहली मिस इंडिया बनीं और एक अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य पेजेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इंद्राणी ने 30 कंटेस्टेंट्स में से नेत्र-गोलों को आकर्षित करने में कामयाब रहीं। सौजन्य से उसकी आराध्य बिंदी और गजरा, इसे मोड़ के साथ फैशन कहा जाता है।

साल 1961 में वह एशिया सोसाइटी द्वारा राष्ट्रीय दौरे पर उपस्थित पहली नर्तकी थीं और अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी के लिए भी प्रदर्शन किया। कैनेडी और प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू वाशिंगटन डी.सी. की आधिकारिक यात्रा के दौरान वह 1976 में न्यूयॉर्क के लिंकन सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स में जुइलियार्ड स्कूल में डांस डिवीजन की संकाय सदस्य बनीं। यहां तक कि उसने हार्वर्ड सहित विभिन्न अमेरिकी विश्वविद्यालयों में भी पढ़ाया और 1999 में मैनहट्टन में अपनी मृत्यु तक संयुक्त राज्य अमेरिका में अपना बाद का बाकी जीवन बिताया।



## जाह्नवी की मिरर सेल्फी वायरल

बॉलीवुड की दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की तरह ही उनकी बड़ी बेटी जाह्नवी कपूर आज इंडस्ट्री में अपना नाम कमा रही हैं। फिल्म 'धड़क' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली जाह्नवी अबतक के अपने करियर में कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। वह एक्टिंग के साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। आए दिन जाह्नवी अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरें और वीडियोज फैंस के साथ साझा करती हैं। इसी बीच जाह्नवी का एक लेटेस्ट फोटोशूट चर्चा में बना हुआ हैं। इन तस्वीरों में उनकी बोल्डेस फैंस के होश उड़ा रही है। एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर आजकल लगभग हर दिन ही अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती नजर आ रही हैं। इसी बीच जाह्नवी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि जाह्नवी शीशे के सामने बैठकर हॉट पोज देती दिख रही हैं। इस दौरान उन्होंने ब्लैक कलर की बोल्ड डीप नेक ड्रेस में नजर आ रही है। इस ड्रेस में उनके क्लीवेज साफ दिखे जा सकते हैं। जाह्नवी की हर तस्वीर में कातिलाना अंदाज में दिख रही हैं। तस्वीरों में उनके पोज देने का अंदाज फैंस को क्रेजी बना रहा है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए जाह्नवी ने कैप्शन में लिखा, 'अपने तरीके जानें...।' जाह्नवी की इन तस्वीरों को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं इस पर कमेंट कर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।



## हर्षिता का लेटेस्ट फोटोशूट वायरल

अमेजन प्राइम की फेमस वेब सीरीज 'मिर्जापुर' दर्शकों की पहली पसंद बना हुआ है। 'मिर्जापुर' में 'डिम्पी' का रोल एक्ट्रेस हर्षिता गौर ने प्ले किया है। शो में सिंपल दिखने वाली हर्षिता असल जिंदगी में काफी बोल्ड हैं। इसी बीच हर्षिता का लेटेस्ट फोटोशूट फैंस को दीवाना बना रहा है। 'डिम्पी' यानी हर्षिता गौर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखते ही बन रही है। फोटोज में आप देख सकते हैं कि हर्षिता ने ब्लैक कलर की लॉन्ग स्लीवलेस ड्रेस पहनी हुई है। इस ड्रेस के साथ उन्होंने एक व्हाइट कलर की शर्ट कैरी की है, जिसे कंधों से उतार कर वो पोज दे रही हैं। इसके साथ ही हर्षिता ने व्हाइट कलर की शूज कैरी किए हैं, जो उनके पूरे लुक को और भी खूबसूरत बना रहा है।

## तब्बू ने शुरू की 'दृश्यम 2' की शूटिंग

बॉलीवुड की एक्ट्रेस तब्बू ने अपनी आगामी फिल्म दृश्यम 2 की शूटिंग शुरू कर दी है, फिल्म की शूटिंग शुरू करने की जानकारी अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक तस्वीर शेयर कर दी है। एक्टेस द्वारा शेयर इस तस्वीर में एक क्लैप बोर्ड नजर आ रहा है, जिसमें फिल्म का नाम और फिल्म की शूटिंग के बारे जानकारी दी गई है। इस तस्वीर को तब्बू ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर कर लिखा, पहला दिन दृश्यम 2। जानकारी के अनुसार एक्ट्रेस ने अपनी इस सीक्वल फिल्म की शूटिंग गोवा में हुई की है। इस फिल्म में उनके साथ अजय देवगन मुख्य भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे, जबकि फिल्म में श्रिया सरन और इशिता दत्ता भी नजर आने वाली हैं। अभिषेक पाठक के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में अजय देवगन विजय सलगांवकर की भूमिका को फिर से निभाते हुए नजर आएंगे। वहीं, तब्बू भी अपनी इंपेक्टर ऑफ जरनल पुलिस की भूमिका को निभाती हुई नजर आएंगी। आपको बता दें कि 'दृश्यम 2' 19 फरवरी 2021 को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज़ हुई मलयालम फिल्म 'दृश्यम 2' का हिंदी रिमेक होगी। मलयालम फिल्म 'दृश्यम 2' में साउथ सुपर स्टार मोहन लाल ने मुख्य भूमिका निभाई है, जिन्हें इस रोल के लिए खूब सराहाना भी मिल रही है। बता दें, तब्बू को मंगलवार को रिलीज हुए भूल भुलैया 2 के ट्रेलर में देखा गया था, जिसमें वो रूह बाबा को मंजुलिका के फिर से लौट आने के बारे आगाह कर रही है। बताया जा रहा कि तब्बू इस सीक्वल फिल्म में अमीशा पटेल द्वारा निभाए किरदार को निभा रही हैं। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी इस फिल्म की रिलीज डेट को कई बार पोस्टपोन किया जा चुका है।



यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA
बुधवार 27 अप्रैल 2022

खुद बोलती तस्वीर



हरियाणा के हिसार की होनहार आर्टिस्ट तृप्ता बेनीवाल की शानदार वॉल पेंटिंग...

# कोरोना संक्रमण व महंगाई पर टीम की तरह साथ काम करें सभी सीएमः मोदी

## राज्यों से तेल पर टैक्स घटाने की अपील

नई दिल्ली / यूटर्नः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को लेकर सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बैठक की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, बीते दो वर्षों में कोरोना को लेकर ये हमारी 24वीं मीटिंग है। कोरोना काल में जिस तरह केंद्र और राज्यों ने मिलकर काम किया, उसने कोरोना के खिलाफ देश की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई है। ये स्पष्ट है कि कोरोना की चुनौती अभी पूरी तरह टली नहीं है। ओमिक्रोन और उसके सब वैरिएंट्स किस तरह गम्भीर परिस्थिति पैदा कर सकते हैं, ये यूरोप के देशों में हम देख सकते हैं। पीएम मोदी ने कहा, हमारे वैज्ञानिक और विशेषज्ञ नेशनल और ग्लोबल स्थिति की



लगातार निगरानी कर रहे हैं। उनके सुझावों पर हमें सामूहिक दृष्टिकोण के साथ काम करना होगा। संक्रमण को शुरुआत में ही रोकना हमारी प्राथमिकता पहले भी थी, आज भी यही रहना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा, हमारे देश में लंबे समय के बाद स्कूल खुले हैं, ऐसे में कोरोना केस के बढ़ने से कहीं न कहीं अभिभावकों की चिंता बढ़ रही है। बच्चों के संक्रमित होने की खबरें सामने आ रही है। लेकिन संतोष की बात है कि बच्चों को वैक्सीन का कवच मिल रहा है। कल ही छह से 12 साल तक के बच्चों के लिए कोरोना टीकाकरण की अनुमति मिल गई है। पहले की तरह स्कूल में विशेष अभियान चलाने की जरूरत होगी। प्रधानमंत्री ने कहा, दो साल के भीतर देश ने हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर ऑक्सीजन तक सुधार किया है।

आज कोरोना की जो स्थिति है, उसमें यह जरूरी है कि अस्पतालों में भर्ती मरीजों का आरटीपीसीआर टेस्ट जरूर किया जाए और पॉजिटिव आने वाले मरीजों के सैंपल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए जरूर भेजे जाएं।

### पेट्रोल-डीजल पर टैक्स कम करें राज्य

वैश्विक संकट के बीच तेल के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में पीएम मोदी ने कहा, आज की वैश्विक परिस्थितियों में केंद्र और राज्य सरकारों का तालमेल, सामंजस्य पहले से अधिक आवश्यक है। युद्ध की परिस्थिति से सप्लाई चैन प्रभावित हुई है, ऐसे माहौल में दिनों-दिन चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। पीएम मोदी ने कहा, पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमत का बोझ कम करने के लिए केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में पिछले नवंबर में कमी की थी। राज्यों से भी आग्रह किया गया था कि वो अपने यहां टैक्स कम करें। कुछ राज्यों ने तो अपने यहां टैक्स कम कर दिया, लेकिन कुछ राज्यों ने अपने लोगों को इसका लाभ नहीं दिया गया। मेरा आग्रह है कि देशहित में राज्य भी टैक्स कम करेंगे तो जनता को फायदा होगा।

# अलवर में मंदिर तोड़ने पर साधु-संतों और बीजेपी नेताओं ने निकाली आक्रोश रैली

अलवर / यूटर्नः स्थानीय लोगों ने अलवर के कंपनी बाग से कलेक्ट्रेट तक आक्रोश रैली निकाली। संत समाज के लोगों की प्रशासन के साथ बातचीत हो रही है। अलवर में 300 साल पुराने मंदिर पर बुलडोजर चलाए जाने के 10 दिन बाद हिंदू संगठनों और साधु-संतों ने बुधवार को आक्रोश रैली निकाली। आक्रोश रैली की अगुवाई कर रहे अलवर सांसद बालक नाथ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से इस्तीफा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि हम राजस्थान सरकार को तुष्टीकरण की राजनीति करने से रोकने के लिए यह मार्च निकाल रहे हैं। जिन अधिकारियों



ने मंदिर तोड़ा है, उन पर सख्त कार्रवाई की जाए और दोबारा मंदिर बनाया जाए। फिलहाल साधु-संतों और कलेक्टर शिवप्रसाद नकाते के बीच बातचीत का दौर चल रहा है। इसमें समाज के कई साधु, संत भी मौजूद हैं। वे अधिकारियों पर कार्रवाई को लेकर अड़े हुए हैं। अलवर के राजगढ़ में प्रशासन की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान 300 साल पुराना मंदिर तोड़ दिया था, इसके बाद से ही भाजपा राज्य सरकार पर हमलावर है और मुद्दे को भुनाने की कोशिश कर रही है। साधु-संतों के विरोध की शुरुआत कंपनी बाग के शहीद स्मारक से हुई। साधु-संतों के साथ-साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी रैली में पहुंच गए। इसके बाद अलवर पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है। आक्रोश रैली में हिस्सा लेने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश समेत राजस्थान के विभिन्न जिलों से साधु संतों की टोलियां अलवर पहुंची।

# घरों में कैद शंघाई के 2.5 करोड़ लोगों के पास खाना-पानी नहीं

## बीजिंग में 2 करोड़ का होगा टेस्ट

शंघाई। चीन का आर्थिक राजधानी शंघाई देश की कोरोना राजधानी भी बनती जा रही है। मंगलवार को चीन में 1,908 कोविड पॉजिटिव सामने आए, जिनमें 1,661 अकेले शंघाई से हैं। शंघाई में 52 लोगों की कोरोना से मौत की खबर सामने आई है। तेजी से बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार ने राजधानी बीजिंग में 2 करोड़ लोगों की कोरोना जांच का आदेश दिया है। कोरोना के बढ़ते मामलों ने चीन की अर्थव्यस्था को भी बेहाल कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) चीन की जीरो कोविड पॉलिसी का हवाला देकर देश के



डेवलपमेंट ग्रोथ 4.8% से घटाकर 4.4% कर दिया है। जो चीन के 5.5% अनुमान से काफी कम है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि चीन की अर्थव्यवस्था एक बड़ी दीवार से टकरा रही है। एक साल से ज्यादा वक्त के बाद पहली देश की खपत में गिरावट आई है।

# हरियाणा में कांग्रेस के नए अध्यक्ष बनाए गए उदयभान

फरीदाबाद / यूटर्नः हरियाणा कांग्रेस में बड़ा फेरबदल हुआ है। यहां हरियाणा कांग्रेस की अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने इस्तीफा दे दिया है और उनकी जगह पर हरियाणा के होडल से पूर्व विधायक उदयभान को हरियाणा कांग्रेस



का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही चार कार्यकारी अध्यक्ष भी नियुक्त किए गए हैं। बताया जा रहा है कि उदयभान हुड्डा खेमे से हैं। श्रुति चौधरी, रामकिशन गुर्जर, जितेंद्र भारद्वाज व सुरेश गुप्ता को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कहा जा रहा है कि इन सब में जातीय समीकरण का भी पूरा ध्यान रखा गया है। दलित अध्यक्ष को हटाकर पार्टी ने दलित को ही पार्टी की कमान सौंपी है। उदयभान हरियाणा के होडल से विधायक रहे हैं। उनके पिता गया राम भी विधायक रह चुके हैं। जानकारी के अनुसार कुमारी सैलजा पिछले हफ्ते ही कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिली थीं और उन्हें अपना इस्तीफा सौंपा था। जिसके बाद सोनिया गांधी ने कुमारी सैलजा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया और उदयभान को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# भाजपा सदस्य श्वेता सिंह गौर की संदिग्ध हालात में मौत

बांदा / यूटर्नः उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में जिला पंचायत सदस्य श्वेता सिंह गौर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। इंद्रा नगर स्थित आवास में उन्होंने साड़ी से फांसी लगाई। बता दें कि वो जिले के जसपुरा क्षेत्र के वार्ड 12 से भाजपा की जिला पंचायत सदस्य थीं। घटना के बाद से उनके पति दीपक सिंह गौर घर से नदारद हैं। उनका फोन भी बंद है। वो भी भी भाजपा नेता हैं। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। फिलहाल मामले की गंभीरता को देखते हुए भारी पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। साथ ही मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है। बता दें कि 35 वर्षीय श्वेता सिंह गौर भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री भी थीं। उन्होंने समाज शास्त्र में पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की थी। उनकी दो बेटियां और एक बेटा है। एसपी अभिनंदन ने बताया कि वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य श्वेता सिंह गौर ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

# देश में कोयला संकटः केंद्रीय मंत्री बोले- घबराने की कोई जरूरत नहीं

नई दिल्ली / यूटर्नः देश में कोयला संकट गंभीर रूप ले चुका है। इसकी वजह से देश में बिजली संकट भी गहरा गया है। अलग-अलग राज्यों से बिजली कटौती को लेकर खबरें सामने आ रही है। यूपी से लेकर पंजाब तक हाल बेहाल है, जबकि इन सबके बीच सरकार का कहना है कि



देश में पर्याप्त कोयला मौजूद है और घबराने की जरूरत नहीं है। केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार दिन-प्रतिदिन, घंटे के आधार पर स्थिति की निगरानी कर रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में और हम देश को आवश्यक कोयले की आपूर्ति करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने आंकड़े पेश करते हुए बताया कि 25 अप्रैल तक, 2.15 करोड़ टन कोयला स्टॉक थर्मल पावर प्लांट्स के पास उपलब्ध था। यानी थर्मल पावर प्लांट्स के पास लगभग 9-9.5 दिनों का स्टॉक उपलब्ध है। यह स्टॉक दिन-प्रतिदिन के आधार पर भरा जाता है। इसके अलावा कोल इंडिया के साथ, हमारे पास लगभग 7.25 करोड़ टन स्टॉक मौजूद है। गौरतलब है कि बीते रविवार को कोयला सचिव एके जैन ने देश में गहराए बिजली संकट के लिए कोयले की कमी को वजह मानने से साफ इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा था कि इस बिजली संकट की प्रमुख वजह विभिन्न ईंधन स्त्रोतों से होने वाले बिजली उत्पादन में आई बड़ी गिरावट है।

उन्होंने कहा कि ताप-विद्युत संयंत्रों के पास कोयले का कम स्टॉक होने के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं। कोविड-19 के प्रकोप में कमी आने के बाद अर्थव्यवस्था में तेजी आई और बिजली की मांग बढ़ी, इसके अलावा इस साल जल्दी गर्मी शुरू हो जाना।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma